# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 79 | बिजौलिया - बुधवार ,04 नवम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## राजस्थान में पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में हिंसा और बहिष्कार, कई जगह भिड़े प्रत्याशियों के समर्थक

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण के दौरान मंगलवार को प्रदेश के 27 जिला परिषदों और 116 पंचायत समितियों में मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चली मतदान प्रक्रिया के दौरान कई स्थानों पर उत्साह दिखाई दिया, वहीं कुछ क्षेत्रों में विवाद, झड़प और मतदान बहिष्कार की घटनाएं भी सामने आई। कहीं फर्जी मतदान के आरोपों को लेकर प्रत्याशियों के समर्थक आमने-सामने आ गए, तो कहीं पंचायत परिसीमन और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान से दूरी बनाए रखी।

तीसरे चरण में जिला परिषदों के ×77 वार्डों में 1×05 प्रत्याशी और पंचायत समितियों के 2119 वार्डों में 7789 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इतने बड़े स्तर पर हुए



मतदान के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों से कई घटनाएं सामने आई, जिन्होंने चुनावी माहौल को प्रभावित किया।

**मकराना में भाजपा-कांग्रेस समर्थकों के बीच लाठी-डंडे चले**

डीडवाना-कुचामन जिले की मकराना पंचायत समिति में मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की ओर से फर्जी मतदान के आरोप लगाए जा रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

**मतदान के दौरान दो बुजुर्गों की मौत**

दौसा जिले की पालावास ग्राम पंचायत में मतदान करने के लिए बूथ पर कतार में खड़े 65 वर्षीय हरगोविंद गुर्जर निवासी पाड़ली कलां की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

इसी तरह ब्यावर जिले की जवाजा पंचायत समिति की रूढाना ग्राम पंचायत में मतदान करने के बाद बूथ से बाहर निकलते ही 70 वर्षीय पुनी देवी की मौत हो गई। आशंका जताई गई कि उन्हें साइलेंट हार्ट अटैक आया था। दोनों घटनाओं से मतदान केंद्रों पर मौजूद लोगों में शोक का माहौल हो गया।

**परिसीमन के विरोध में कई गांवों ने किया मतदान का बहिष्कार**

प्रदेश के कई क्षेत्रों में पंचायत परिसीमन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। दौसा जिले के तीन गांवों और भरतपुर जिले की बयाना पंचायत समिति के नगला सिंघाड़ा गांव में ग्रामीणों ने परिसीमन के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया। डीग जिले के कामां क्षेत्र स्थित नगला किशोर सिंह गांव में भी ग्रामीण मतदान करने नहीं पहुंचे।

## रामधाम आरओबी निर्माण में देरी का मुद्दा रेलवे की स्थायी समिति में उठाया, सांसद ने जल्द काम शुरू करने की मांग की

### भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में तीन नए रेलमार्गों की स्वीकृति एवं कार्ययोजना शुरू करने का भी रखा प्रस्ताव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सांसद दामोदर अग्रवाल ने नई दिल्ली में आयोजित रेलवे की स्थायी समिति की बैठक में क्षेत्र की लंबित रेलवे परियोजनाओं और रेल कनेक्टिविटी का मुद्दा उठाया। उन्होंने रामधाम के पास स्वीकृत रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सहित संबंधित अधिकारियों से सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करवाने का आग्रह किया।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बैठक में सांसद अग्रवाल ने भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में नए रेलमार्ग विकसित करने की आवश्यकता पर भी प्रस्ताव रखे। इनमें नाथद्वारा-गंगापुर-बनेड़ा-शाहपुरा-केकड़ी-जयपुर, मांडलगढ़ - भीलवाड़ा-मांडल- आसींद-ब्यावर तथा नसीराबाद-केकड़ी-देवली-शक्करगढ-जलिंदरी रेलमार्ग प्रमुख हैं।

सांसद ने इन प्रस्तावित रेलमार्गों पर शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर आगे की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नए रेलमार्गों से क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी तथा आमजन को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ व्यापार, उद्योग और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल सकेगी।

## गहलोत पर बरसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, बोले, किसानों को लूटते थे

भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोलते हुए खाद-बीज की दुकान का जिक्र किया और आरोप लगाया कि गहलोत किसानों को लूटते थे तथा खाद-बीज की दुकानों पर नकली माल बेचा जाता था। उन्होंने कहा, 'मैं ब्रजवासी हूं। आप जो कहेंगे, उसका पूरा जवाब दूंगा और इसमें कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।' मुख्यमंत्री मंगलवार को जोधपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और अशोक गहलोत पर निशाना साधा। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति करती है। जब तक कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति करती रहेगी, उसका राजनीतिक हश्र और भी खराब होगा।

### गहलोत के आरोपों का दिया जवाब

दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सलाह देते हुए कहा था कि उन्हें अपने रिश्तेदारों को सत्ता से दूर रखना चाहिए। गहलोत ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री के रिश्तेदार प्रमोद शर्मा पुलिस रिकॉर्ड में फरार होने के बावजूद खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि नई सरकार के शपथ लेते ही उनके पुराने मामले बंद करवा दिए गए।



गहलोत के इन्हीं आरोपों के बाद मुख्यमंत्री ने जोधपुर की सभा में उन पर पलटवार किया। दोनों नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप से प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी तेज हो गई है।

## चार साल पुराने पप्पूराम भील हत्याकांड में दो दोषियों को उम्रकैद, 25 गवाहों की गवाही पर आया फैसला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





करेड़ा थाना क्षेत्र में करीब चार साल पहले हुए पप्पूराम भील हत्याकांड में सेशन कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और दस्तावेजों के आधार पर दोनों को हत्या सहित विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया। वहीं, एक दोषी को आर्म्स एक्ट के तहत भी दंडित किया गया है। सेशन कोर्ट के न्यायाधीश अभय कुमार जैन ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद यह निर्णय सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक रघुनन्दन सिंह कानावत ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 25 गवाहों के बयान दर्ज करवाए तथा 58 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए।

**जंगल में मिला था युवक का शव**

मामला 23 जून 2022 का है। करेड़ा क्षेत्र के निलवा निवासी पप्पूराम भील (35) पुत्र घीसाराम बाइक लेकर घर से निकला था। उसी दिन शाम करीब 7:30 बजे परिजनों को सूचना मिली कि थाणा से ज्ञानगढ़ जाने वाले रास्ते पर घाटी के पास जंगल की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही मृतक के चाचा मानाराम भील सहित परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। वहां पप्पूराम का शव मिला, जिसके शरीर पर धारदार हथियारों से हमले के निशान थे। उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर हत्या की गई थी।

घटना के अगले दिन 24 जून को मृतक के चाचा मानाराम भील ने करेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और अनुसंधान के बाद आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

**साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला**

न्यायालय ने सुनवाई के दौरान पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का परीक्षण करने के बाद कालूराम पुत्र मांगूराम निवासी धापड़ा, थाना करेड़ा तथा जसवंत कुमार उर्फ टीनू पुत्र छोगाराम भील को हत्या सहित विभिन्न अपराधों में दोषी माना। इसके बाद दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में एक दोषी को आर्म्स एक्ट के तहत भी सजा दी गई।

## मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा, 5 हजार लीटर तेल सीज, 250 किलो खराब मावा नष्ट

### गणेश ऑयल मिल, मावा प्लांट और अरिहंत इवेंट पर छापेमारी, खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अमन ठठेरा

दीपावली के त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और आमजन को शुद्ध सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने जिलेभर में कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 5 हजार लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल सीज किया गया, वहीं 250 किलो खराब मावा मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि टीम ने भीलवाड़ा स्थित गणेश उद्योग से 3 हजार लीटर तथा अजमेर रोड स्थित श्री गणेश ऑयल से 2 हजार लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल



सीज किया। दोनों प्रतिष्ठानों से तेल के नमूने लेकर जांच के लिए अजमेर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

इसी तरह बनेड़ा ब्लॉक के कासोरिया गांव स्थित मावा प्लांट के निरीक्षण में करीब 250 किलो खराब एवं अनुपयोगी मावा मिला, जिसे मौके पर नष्ट करवाया गया। फर्म को गुणवत्ता सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया। शाम की सब्जी मंडी स्थित श्री फूड्स से मैदा का नमूना लिया गया। वहीं प्रतापनगर स्कूल के सामने संचालित अरिहंत इवेंट से काजू कतली और बादाम कतली के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार रेगर, साक्षी जैन, विजय मेहता, नीरज मीणा, संजय वर्मा, कुलदीप चौधरी, अंकित शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**मिलावट की सूचना विभाग को दें**

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की कि खाद्य पदार्थों में मिलावट, अवधिपार सामग्री की बिक्री या संदिग्ध खाद्य सामग्री के भंडारण की जानकारी मिलने पर विभाग के जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को सूचित करें। उन्होंने खरीदारी के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट जांचने का भी आग्रह किया।




## विधायक खेल विकास योजना के तहत 4 नवंबर को होगी अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता

**स्व. गणपत लाल टेलर की स्मृति में आठ टीमें लेंगी भाग, विजेता को 2100 रुपए व ट्रॉफी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विधायक अशोक कुमार कोठारी की पहल पर संचालित 'खेलेंगे तो खिलेंगे' विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत बुधवार को स्वर्गीय गणपत लाल टेलर की स्मृति में एक दिवसीय अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता एसएमएम गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड पर सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक होगी।

योजना के संयोजक शिक्षाविद् विवेक निमावत, आयोजक सचिव अजीत जैन एवं कोच दिनेश सोलंकी ने बताया कि 7-ए-साइड प्रारूप में आयोजित होने वाली इस नॉकआउट प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। इनमें शाहपुरा, फुलिया, सवाईपुर, खामोर सहित विधायक खेल विकास योजना की रोटरेक्ट क्लब, भीलवाड़ा सोशल क्रू, मुस्कान फाउंडेशन एवं वीर सेवा संघ की टीमें शामिल हैं।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 2100 रुपए नकद एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर 6 नवंबर को होगी बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर 6 नवंबर को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शाम 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली इस बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की जाएगी। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी।

## आज चार घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते बुधवार को शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक 11 केवी पीएचईडी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

इस दौरान सिंधु नगर पंप हाउस, तिलक नगर पंप हाउस, विद्या निकेतन पंप हाउस तथा तिलक नगर सेक्टर-6 एवं 9 के आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित, 5 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़, ।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना 2026 के तहत पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 5 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चंद्रप्रकाश जीनगर ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से कोचिंग की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने बताया कि आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एसएसओ पोर्टल पर CM ANUPRATI COACHING विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर आज भाजपा नगर मंडल करेगा सेवा कार्य

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़, ।

भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी के जन्मदिवस के अवसर पर 4 नवंबर को भाजपा नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण की भावना के साथ विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि

भाजपा नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रातः 10 बजे मोक्षधाम के पीछे स्थित शहर की गौशाला में गौसेवा कार्यक्रम होगा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गौमाता को चारा खिलाकर सेवा करेंगे तथा गौसंरक्षण का संदेश देंगे।

इसके पश्चात प्रातः 11 बजे वार्ड नंबर 34 स्थित भीलों की झोपड़ियां, गांधीनगर क्षेत्र में दीपावली खुशियां वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करते हुए मिठाई एवं पटाखों का वितरण किया जाएगा।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गौरव त्यागी ने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया।

# दीपावली मेले को लेकर थाने में सीएलजी बैठक, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर हुई चर्चा

**थानाधिकारी ने त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द से मनाने की अपील की**

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।




आगामी दीपावली मेले एवं त्योहारों के मद्देनजर पुलिस थाना परिसर में थानाधिकारी बालकिशन शर्मा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई।

थानाधिकारी शर्मा ने सदस्यों से दीपावली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अव्यवस्था की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

बैठक में सरपंच गीता देवी माली, उपसरपंच वासुदेव पालीवाल, थलकलां सरपंच मैनाहरीश चौधरी, हंसेड़ा सरपंच मोहन सुथार, संदीप सोनी, संपत सिंह सोलंकी, भेरूलाल मंत्री, महावीर प्रसाद माली, डॉ. एनके सोनी, दुर्गाशंकर आचार्य, उमराव सिंह सोलंकी, मोहम्मद शाबीर रंगरेज, अरविंद डागा, राजेंद्र रेगर, दिनेश सोनी, राजू मालू, धीरज सेन, असलम रंगरेज सहित सीएलजी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुलिसकर्मी नेतराम गुर्जर और राकेश मीणा भी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन खेलों की आड़ में सट्टेबाजी का बड़ा गिरोह पकड़ा, सात गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर



ऑनलाइन खेलों की आड़ में सट्टेबाजी का संगठित कारोबार चलाने वाले गिरोह का करणी विहार थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे म्यूल हंटर अभियान के तहत जयपुर पश्चिम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर ऑनलाइन खेलों और सट्टेबाजी की वेबसाइटों के पैनल खरीदकर उनका संचालन करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों से जुड़े 50 से अधिक बैंक खाते और 35 से ज्यादा डिजिटल भुगतान पहचानें बंद करवाई हैं। इन खातों में करोड़ों रुपए का संदिग्ध लेनदेन सामने आया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वैकेंद्र यादव (31), निवासी मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर, मुकेश गुर्जर (27), निवासी बालोतरा, रमेश कुमार जाट (22), निवासी पचपदरा, बालोतरा, रमेश कुमार जाट (26), निवासी समदड़ी रोड, बालोतरा, शैलेन्द्र शर्मा (26), निवासी मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर, रोहित मेघवाल (23), निवासी मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर और लक्ष्मण कुमार (25), निवासी बालोतरा के रूप में हुई है।

**वेबसाइटों के पैनल खरीदकर चलाते थे सट्टेबाजी**

पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी स्वयं ऑनलाइन खेलों और सट्टेबाजी की वेबसाइटों के पैनल खरीदकर उनका संचालन कर रहे थे। आरोपियों के पास एक मुख्य पहचान भी मिली है, जिसके माध्यम से सट्टेबाजी का पूरा नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। आरोपी विभिन्न ऑनलाइन खेल मंचों के जरिए लोगों को सट्टा खिलाते थे। पुलिस के अनुसार, इस गतिविधि में शामिल अधिकांश लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था।

**50 से अधिक बैंक खाते और 35 डिजिटल भुगतान पहचानें बंद**

पुलिस ने आरोपियों से जुड़े 50 से अधिक बैंक खातों का पता लगाकर उन्हें बंद करवाया है। इसके अलावा 35 से ज्यादा डिजिटल भुगतान पहचानें भी बंद करवाई गई हैं। इन खातों में करोड़ों रुपए का संदिग्ध वित्तीय लेनदेन सामने आया है। पुलिस ने खातों में उपलब्ध करीब पांच लाख रुपए की राशि रुकवा दी है।

इसके साथ ही आरोपियों से जुड़े करीब 3,200 यूएसडीटी भी रुकवाए गए हैं। इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 3.50 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी सट्टेबाजी से प्राप्त रकम के लेनदेन के लिए अलग-अलग बैंक खातों, डिजिटल भुगतान माध्यमों और आभासी मुद्रा के बटुओं का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच में आभासी मुद्रा के जरिए भी लेनदेन किए जाने की जानकारी सामने आई है।

**19 मोबाइल, एक संगणक और 20 सिम कार्ड जब्त**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19 मोबाइल फोन, एक संगणक और 20 सिम कार्ड जब्त किए हैं। जब्त उपकरणों, मुख्य पहचान, बैंक खातों, डिजिटल भुगतान पहचानों और आभासी मुद्रा के बटुओं का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से कई अन्य लोग भी जुड़े हो सकते हैं।

# राजस्थान में बढ़ी सर्दी, सीकर-फतेहपुर में माउंट आबू जैसा मौसम

**शेखावाटी में रात का तापमान 12.5 डिग्री तक पहुंचा, भीलवाड़ा और उदयपुर सहित कई शहरों में भी रातें ठंडी; अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने का अनुमान**

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



राजस्थान में रात के तापमान में गिरावट के साथ सर्दी का असर बढ़ने लगा है। शेखावाटी क्षेत्र के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। सीकर और फतेहपुर में रात के समय माउंट आबू जैसी ठंड महसूस की जा रही है। उदयपुर और चित्तौड़गढ़ सहित दक्षिण राजस्थान के कई इलाकों में भी पारा गिरने से रातें सर्द होने लगी हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान रात के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी शहरों में आसमान साफ रहा और दिनभर धूप खिली रही। बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मंगलवार को बाड़मेर 36.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा।

सीकर और फतेहपुर में 12.5 डिग्री तापमान शेखावाटी क्षेत्र के सीकर और फतेहपुर में मंगलवार रात सर्दी का असर तेज रहा। दोनों स्थानों पर न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे ठंडी रात माउंट आबू में रही, जहां न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

इसके अलावा भीलवाड़ा में न्यूनतम तापमान 14.7, उदयपुर में 14.9, सिरोही में 15.7, करौली में 15.9, चित्तौड़गढ़ में 15.2, पिलानी में 15.7 और अजमेर में 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन आंकड़ों से साफ है कि प्रदेश के कई हिस्सों में रात के तापमान में गिरावट आने लगी है।

**अगले एक सप्ताह कैसा रहेगा मौसम?**

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। दिन के समय धूप खिली रहने की संभावना है। कुछ शहरों में अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में हल्की गिरावट से सर्दी का असर बना रह सकता है।



QUICK BITES

## जावदा व थडोदा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में मंगलवार को ग्राम जावदा व थडोदा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी व यूपीआई फ्रॉड, फर्जी लिंक, हैकिंग एवं सोशल मीडिया अपराधों से बचाव की जानकारी दी। साथ ही 21 नवंबर को आयोजित होने वाली एनआई की विशेष राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत बैंक ऋण विवाद, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना मुआवजा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण की प्रक्रिया बताई। शिविर में कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## रेगर दिवस पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों व खिलाड़ियों का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



अखिल भारतीय रेगर महासभा के तत्वावधान में रेगर समाज के स्थापना दिवस पर रेगर दिवस एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न गांवों से पहुंचे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों एवं समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर तथा अध्यक्षता राजेंद्र कुमार रेगर ने की। समारोह का शुभारंभ बाबा रामदेव जी महाराज, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं महासभा के संस्थापक आत्माराम लक्ष्य की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि कन्हैया लाल रेगर ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। सामाजिक एकता से राजनीतिक मजबूती मिलती है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। सह-संयोजक चांदमल जाड़ोटिया ने बताया कि 2 नवंबर 1944 को दौसा में रेगर समाज का पहला राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित हुआ था। इसी दिन को समाज स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम संयोजक प्रेमचंद रेगर एवं उनकी टीम ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों का स्वागत कर सम्मान किया। समारोह में चैनपुरिया सरपंच रतनलाल रेगर, राजगढ़ सरपंच बद्रीलाल गुर्जर, थलकला सरपंच हरीश चौधरी, जगपुरा सरपंच नारायणलाल बैरवा, खाचरोल सरपंच जगदीश चंद्र बैरवा, मानपुरा झीकरी सरपंच गिरधारीलाल रेगर, बीगोद नगरपालिका पार्षद अशोक कुमार रेगर, बिजौलिया पार्षद राधेश्याम रेगर, शाहपुरा नगरपालिका पार्षद युवराज रेगर एवं चेतन रेगर सहित विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि, उपसरपंच, वार्ड पंच, खो-खो खिलाड़ी एवं सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन राजमल जाड़ोटिया ने किया।




# गेगा का खेड़ा रामलीला में धनुष यज्ञ और श्रीराम-सीता विवाह का भव्य मंचन

**श्रीराम द्वारा पिनाऊक धनुष भंग करने के दृश्य ने मोहा दर्शकों का मन, लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने**

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



श्री लक्ष्मीनाथ रामायण मंडल गेगा का खेड़ा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के तृतीय दिवस में भगवान श्रीराम के विवाह प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। रामलीला में कलाकारों ने अपनी शानदार अभिनय कला से रामायण के प्रमुख प्रसंगों को जीवंत कर दिया। धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे।

रामलीला के तृतीय दिवस में सर्वप्रथम जनक दरबार में आयोजित धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। इसमें भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान शिव के पिनाक धनुष को उठाकर उसका खंडन किया। धनुष टूटते ही जनक दरबार जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

इसके पश्चात लक्ष्मण-परशुराम संवाद का प्रभावशाली मंचन हुआ। लक्ष्मण जी और भगवान परशुराम के बीच हुए तीखे संवादों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों ने अपने संवादों और अभिनय से मंच पर ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

इसके बाद भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह का भव्य मंचन किया गया। विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंगल गीतों और जयकारों के बीच राम-सीता विवाह का दृश्य अत्यंत आकर्षक रहा।

अंत में राजा दशरथ बारात सहित अयोध्या वापस लौटे, जिसका मंचन किया गया। रामलीला के इन प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया गया। श्री लक्ष्मीनाथ रामायण मंडल गेगा का खेड़ा द्वारा आयोजित रामलीला में स्थानीय कलाकारों के अभिनय और धार्मिक प्रसंगों ने ग्रामीणों को रामायण की कथा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। रामलीला के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की इंडिया हेल्थ लाइन की जिला कार्यकारिणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की इंडिया हेल्थ लाइन की जिला कार्यकारिणी के गठन एवं घोषणा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के हिंदू हेल्थ लाइन प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष गोपाल साहू, जिला महामंत्री रामदेव बैरवा एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रितेश गुर्जर के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक में संगठन के विस्तार, समाजसेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान इंडिया हेल्थ लाइन की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें त्रिलोक वर्मा को इंडिया हेल्थ लाइन इकाई का भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष बनाया गया तथा कार्यकारिणी में

हेमंत सिंह जिला महामंत्री,अनिल पारीक - जिला मंत्री,

सुरेश कुमार योगी जिला उपाध्यक्ष, देवेश त्यागी जिला उपाध्यक्ष तथा पूरणमल को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया ।

राम लक्ष्मण तेली को राष्ट्रीय व्यापार परिषद् का जिला महामंत्री बनाया ।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा संगठन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई कार्यकारिणी के गठन से इंडिया हेल्थ लाइन के कार्यों को नई गति मिलेगी और समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद् जिला उपाध्यक्ष धनराज बैरवा, राष्ट्रीय व्यापार परिषद् जिला अध्यक्ष विमल सिंह चौहान इंडिया हेल्थ लाइन महेंद्र सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# धामनिया स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए तरीके

**ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने की दी सलाह**

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।




डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनिया में पुलिस की ओर से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधिकारी राकेश मीणा ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, संदिग्ध लिंक और फर्जी इनाम के झांसे से सावधान रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करें और बिना जांचे किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप वेरिफिकेशन का उपयोग करें।

पुलिस अधिकारी ने विद्यार्थियों को बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल अभिभावकों और पुलिस को सूचना दें।

साइबर वित्तीय ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

## जिले की पांच पंचायत समितियों में 68.52 प्रतिशत मतदान, शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़,

पंचायत राज आम चुनाव-2026 के तहत चित्तौड़गढ़ जिले की पांचों पंचायत समितियों में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लिए मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले में कुल 68.52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गईं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के दौरान सतत निगरानी रखते हुए शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए।

जिला प्रशासन एवं पुलिस के बीच समन्वय, अधिकारियों की सक्रियता तथा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति प्रशासनिक प्रतिबद्धता के चलते जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### पंचायत समिति वार मतदान प्रतिशत

पंचायत समिति के अनुसार भदेसर में सर्वाधिक 71.25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। भूपालसागर में 70.00 प्रतिशत, चित्तौड़गढ़ में 69.32 प्रतिशत, कपासन में 67.62 प्रतिशत तथा रशमी में 62.90 प्रतिशत मतदान हुआ। इस प्रकार भदेसर मतदान प्रतिशत के मामले में जिले में पहले स्थान पर रहा, जबकि रशमी में सबसे कम मतदान दर्ज किया

# विधायक अशोक कोठारी ने किया 'एक दीया गौ माता के नाम' अभियान का आह्वान

## भरक के नवनिर्वाचित सरपंच-उपसरपंच का अभिनंदन, लक्ष्मी पूजन पाठे का विमोचन कर किया वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

दीपावली पर गौ माता के सम्मान, गौ सेवा और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत शहर में 'एक दीया गौ माता के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक अशोक कुमार कोठारी ने अपने कार्यालय में भरक ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच एवं उपसरपंच का सद् साहित्य भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने श्री लक्ष्मी पूजन के पाठे का विमोचन कर उपस्थित नागरिकों को वितरित किया।

विधायक कोठारी ने कहा कि दीपोत्सव केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सनातन मूल्यों के प्रति आस्था प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने नागरिकों से इस दीपावली पर गौ माता के सम्मान में एक दीपक अवश्य प्रज्वलित करने तथा गौ सेवा और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ माता और नंदी बाबा भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम को प्रिय हैं। गौ



माता की सेवा, रक्षा और सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने त्योहारों पर 'वोकल फॉर लोकल' को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों की खरीदारी से व्यापारियों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा स्वदेशी की भावना मजबूत होगी।

**धार्मिक स्थलों पर भी हुआ पाठों का वितरण**

अभियान के जिला समन्वयक सुनील जागेटिया ने बताया कि परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज, महामंडलेश्वर बाबू गिरी जी महाराज, जिला संत श्री लाल महाराज, विधायक अशोक कुमार कोठारी, संभाग प्रभारी नंदलाल साहू एवं जिला प्रभारी जगदीश तेली के सानिध्य में शहर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों पर श्री लक्ष्मी पूजन के पाठे वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में खड़ेश्वर धाम पर बापू तेज सिंह पुरावत के सानिध्य में गजराज सिंह, मोडू राम गायक, खेमाराम देवासी, किशन सिंह, रामेश्वर दास एवं राकेश गोस्वामी की मौजूदगी में पाठे वितरित किए गए। हाथी भाटा आश्रम में महंत संत दास जी महाराज के सानिध्य में वितरण हुआ। वहीं रीको क्षेत्र तृतीय फेज स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पुजारी मुरारी पांडे के सानिध्य में श्रद्धालुओं को पाठे वितरित किए गए।

आजाद नगर स्थित सगस जी महाराज के स्थान पर पार्षद प्रतिनिधि बादल सिंह के नेतृत्व में ओमप्रकाश जाट, दीपेंद्र सिंह, पराक्रम सिंह, शेर सिंह, सूरज जाट, विनोद जाट, बद्रीलाल, अंकित शर्मा, सोनू सोनी एवं किशन लाल ने श्रद्धालुओं को लक्ष्मी पूजन के पाठे वितरित किए।

इस अवसर पर विधायक कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक, विचार परिवार के रविंद्र जाजू, कैलाश सोमानी, भाजपा नेता भगवान सिंह चौहान, सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी वी.पी. सिंह, पूर्व सरपंच महेंद्र पाल सिंह सुरास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अभियान के माध्यम से नागरिकों से दीपावली पर गौ माता के सम्मान में एक दीपक प्रज्वलित करने के साथ गौ सेवा, गौ संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने की अपील की गई।

# आरयूआईडीपी ने जल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

## एक सप्ताह, सात कार्य, एक ग्रह थीम के तहत महिलाओं ने ली जल बचाने की शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई (कैप) की ओर से ब्रिक्स सतत जीवन शैली सप्ताह के अंतर्गत कस्बे में जल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा पानी की बर्बादी रोककर उसके विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा।

सरकार की ब्रिक्स राज्य कार्ययोजना के तहत 1 से 7 नवंबर तक सतत जीवन शैली सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों, स्कूल-कॉलेजों, स्वयंसेवी संगठनों, नागरिकों, व्यापारियों, स्वयंसेवकों और मीडिया की सहभागिता से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, ई-कचरे को कम करने तथा विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट पदार्थों में कमी लाने के लिए जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस सप्ताह की थीम 'एक सप्ताह, सात कार्य, एक ग्रह' रखी गई है।

इसी क्रम में आरयूआईडीपी की कैप इकाई की रेखा खटीक ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला पर्यवेक्षक रामु आगाल के साथ जल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं को जल के महत्व, पानी की बर्बादी रोकने तथा दैनिक जीवन में पानी का उचित उपयोग करने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई।



रेखा खटीक ने महिलाओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पानी हमारे जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को पानी की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास करना चाहिए। घरों में पानी का अनावश्यक उपयोग रोककर तथा जल संरक्षण की आदत अपनाकर भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने जल संरक्षण करने और पानी की बर्बादी रोकने की शपथ ली। साथ ही अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जल बचाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया कि सामूहिक प्रयासों से ही जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा सकता है।

सभी को मिलकर हरित, स्वच्छ और बेहतर भविष्य के निर्माण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

# लोडीयाना व साड गांव के विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, विद्यार्थियों को बताए अधिकार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं समिति अध्यक्ष प्रिया मीणा के निर्देशन में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लोडीयाना एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय साड गांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए गए।

लोडीयाना विद्यालय में आयोजित शिविर में पीएलवी कमलेश सुखवाल ने विद्यार्थियों को कैदियों के अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि कानून प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन एवं न्याय पाने का अधिकार प्रदान करता है। शिविर में 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं साड गांव के विद्यालय में बाल अधिकार विषय पर आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा एवं बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें करीब 85 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान दोनों विद्यालयों में एमडीएम व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। लोडीयाना में एमडीएम प्रभारी सुमेर सिंह ने विद्यार्थियों को भोजन की शुद्धता एवं स्वच्छता के नियमों की जानकारी दी, जबकि साड गांव में एमडीएम प्रभारी अंजना पारीक ने भोजन के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। दोनों विद्यालयों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

कार्यक्रम के अंत में लोडीयाना




विद्यालय प्रभारी शंभूलाल जाट एवं साड गांव के प्रधानाध्यापक सूरज करण मीणा ने अतिथियों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोडीयाना में बहादुर मीणा, अमित कुमार शर्मा एवं अशोक कुमार तथा साड गांव में मुकेश दरोगा, राजकुमार, मदनलाल एवं ज्योति पाराशर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## QUICK BITES

### चंवरा बालाजी धाम में 9 और 10 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव, विराट कवि सम्मेलन सहित होंगे कई आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**



मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के हनुमानजी महाराज मंदिर में अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर 9 और 10 नवंबर को दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। महोत्सव के दौरान विराट कवि सम्मेलन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ, छप्पन भोग, महाआरती और प्रसादी वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन के तहत 9 नवंबर को रात्रि 8:15 बजे विराट कवि सम्मेलन होगा। इसमें राजस्थान के ख्यातनाम कवि हास्य, ओज और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। वहीं 10 नवंबर को सुबह 8:15 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे बालाजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर महाआरती, दर्शन और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी होगा।

दो दिवसीय महोत्सव में धार्मिक आस्था के साथ साहित्य और संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

### माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव निर्विरोध संपन्न, श्रेयांश पोरवाल बने तहसील अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव मंगलवार को कस्बा स्थित श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं की उपस्थिति में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी राजेंद्र पोरवाल तथा सहायक चुनाव अधिकारी जगदीश कास्ट एवं रामकृष्ण पोरवाल ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई।

चुनाव में कस्बा निवासी श्रेयांश पोरवाल को तहसील अध्यक्ष तथा गेंदलिया निवासी अमित पोरवाल को मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं गेता पारोली निवासी अंशुल बांगड़ एवं पारोली निवासी विकास काबरा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। लिटिल काबरा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला प्रतिनिधि के रूप में अंशुल काबरा, नवरतन पोरवाल एवं राजेश काबरा को मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महावीर काबरा सहित रामेश्वर पोरवाल, सत्यनारायण काबरा, शिवनारायण काबरा, जगदीश पोरवाल, राधेश्याम पोरवाल, कैलाश पोरवाल, गोपाल पोरवाल, रामगोपाल पोरवाल, मुकेश पोरवाल, अनिल पोरवाल, रोहन पोरवाल, सुरेश चंद्र लड्ढा एवं पवन बसेर सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर के दान पात्र से निकले 1 लाख 70 हजार 66 रुपये

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को दोपहर 1 बजे महाआरती के पश्चात अक्टूबर माह का दान पात्र खोला गया। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की मौजूदगी में दान पात्र में प्राप्त राशि की गणना की गई, जिसमें कुल 1 लाख 70 हजार 66 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दान पात्र खोलने एवं राशि की गणना के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मंदिर में आने वाले भक्त नियमित रूप से अपनी श्रद्धानुसार दान पात्र में राशि अर्पित करते हैं। यह राशि श्रद्धालुओं की हनुमान जी के प्रति अटूट आस्था, विश्वास एवं समर्पण को दर्शाती है।

इस दौरान श्री चंवरा का हनुमान मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष बालूराम अहीर, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, सचिव मदन सुधार, कालू सिंह चौहान, जगदीश चंद्र पोरवाल, दिनेश पोरवाल, सत्यनारायण लड्ढा, लक्ष्मण सिंह, नवल पोरवाल, ताराशंकर जायसवाल एवं वंशुल टेलर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।